आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 15.07.2026 समय : 07.10PM

मुख्य समाचार :–

- देश की पहली ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा से होगी शुरू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरें।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 62 हजार 500 करोड़ रुपए की मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को दी मंजूरी
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में किया "बलराम कृषि महोत्सव" का शुभारंभ
- प्रदेश में मंत्रिमंडल में फेरबदल, राज्य मंत्री लखन पटेल से वापस लिया गया पशुपालन विभाग, अब मुख्यमंत्री के पास रहेगा प्रभार।

**पहली ग्रीन हाइड्रोजन ट्रेन- पीएम मोदी**

देश की पहली ग्रीन हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन हरियाणा से शुरू होने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस ट्रेन की तस्वीरें साझा करते हुए इसकी जानकारी दी। यह भारतीय रेलवे की "हाइड्रोजन फॉर हेरिटेज" पहल का हिस्सा है। इसके तहत भविष्य में 35 और हाइड्रोजन ट्रेनें शुरू की जाएंगी। नई ट्रेन दस कोच वाले हाइड्रोजन-चालित डीईएमयू सेट के रूप में तैयार की गई है, जिसमें 682 सीटें हैं। इसकी अधिकतम गति 75 किलोमीटर प्रति घंटा तय की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार यह ट्रेन बिना हानिकारक धुआं छोड़े केवल जलवाष्प और गर्मी उत्पन्न करती है।

**मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दी है। इस योजना का बजट 62 हजार 500 करोड़ रुपए है। यह योजना पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। इसके तहत कंपनियों को बिक्री पर सवा दो से पांच प्रतिशत तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार के अनुसार इस योजना से देश में मोबाइल फोन का उत्पादन करीब 39 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए Semicon 2.0 को मंजूरी दी है। इस मिशन के लिए कुल 1 लाख 27 हजार 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। इस मिशन की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया-

**भारत और ब्रिटेन समझौता**

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक व्यापार और आर्थिक समझौता आज से लागू हो गया है। इस ऐतिहासिक समझौते से भारत की 99 प्रतिशत निर्यातित वस्तुओं पर ब्रिटेन के बाजारों में कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसे एक जन केंद्रित समझौता बताया गया है, जिससे सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। यह समझौता भारत की वैश्विक बाजारों से जुड़ने और मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इसके तहत डेयरी उत्पाद, मोटा अनाज, खाद्य तेल, अनाज और सेब जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को विशेष सुरक्षा दी गई है।

**पीएम मोदी- भारत ब्रिटेन समझौता**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आज से लागू हुआ भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता दोनों देशों की साझेदारी में महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के किसानों, उद्यमियों और लघु उद्योगों को नई गति देगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि इससे प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग भी मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौता ब्रिटेन में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए बेहद मददगार साबित होगा।

**बलराम कृषि महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में "बलराम कृषि महोत्सव" का शुभारंभ किया। प्रदेश में वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है और इसी कड़ी में यह महोत्सव आयोजित हुआ। महोत्सव में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, जैविक खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इंदौर के बाद यह महोत्सव धार, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर और खंडवा में भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा-

**सीएम उज्जैन -सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में "सक्षम आंगनवाड़ी केंद्र" कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को हितलाभ और मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र का अवलोकन कर बच्चों के विकास से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। इसके अलावा डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में नवनिर्मित 300 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय भवन का लोकार्पण भी किया।

**इंदौर से आबू धाबी फ्लाइट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर से आबू धाबी के लिए प्रदेश की पहली अंतरराष्ट्रीय हवाई सेवा का शुभारंभ किया। यह उड़ान टाटा समूह की विमानन कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित की जाएगी और सप्ताह में चार दिन- सोमवार,

बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध रहेगी। अभी तक इंदौर से आबू धाबी जाने के लिए यात्रियों को दिल्ली या मुंबई होकर जाना पड़ता था, जिसमें सात से आठ घंटे लगते थे। नई उड़ान से यह सफर सिर्फ तीन घंटे पंद्रह मिनट में पूरा हो सकेगा।

**रीवा- एयर इंडिया उड़ान**

28 जुलाई से रीवा से कोलकाता के लिए एयर इंडिया की उड़ान शुरू होगी। यह उड़ान भोपाल होते हुए कोलकाता पहुंचेगी। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि इससे विंध्य क्षेत्र के यात्रियों को कोलकाता जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार, शिक्षा और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**दतिया उपचुनाव**

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने आज दतिया कलेक्टर और एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। इसमें दतिया विधानसभा उप निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निष्पक्षता और गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए। श्री झा ने स्वीप गतिविधियों के जरिए मतदाता जागरूकता बढ़ाने को भी कहा। उन्होंने क्रिटिकल मतदान केंद्रों, अवैध हथियारों की जब्ती और आचार संहिता उल्लंघन जैसे मुद्दों पर भी जानकारी ली।

**विश्वास सारंग- खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर**

मंत्री विश्वास सारंग ने आज भोपाल के छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ कॉरिडोर की थ्री-डी डिजाइन का अवलोकन कर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह कॉरिडोर करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से 21 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि मंदिर के पुराने गर्भगृह की मूल संरचना पूरी तरह यथावत रखी जाएगी।

**सहकारिता विभाग में पदोन्नति**

प्रदेश के सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम 2025 के तहत बड़े पैमाने पर पदोन्नति दी गई है। कुल 15 संवर्गों में 613 अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। इनमें प्रथम श्रेणी के 41, द्वितीय श्रेणी के 84 और तृतीय श्रेणी के 486 पद शामिल हैं। सबसे अधिक 196 पदोन्नति वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक के पद पर हुई है। इसके अलावा सहकारी निरीक्षक और सहायक ग्रेड-2 के पदों पर भी 100 से अधिक पदोन्नतियां दी गई हैं।

**लखन पटेल पशुपालन विभाग**

प्रदेश में मंत्रिमंडल में बदलाव हुआ है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) लखन पटेल से पशुपालन विभाग वापस ले लिया गया है। यह विभाग अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने पास रखेंगे। इसके बाद लखन पटेल अब केवल आनंद विभाग के मंत्री रह गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। लखन पटेल पथरिया विधानसभा से विधायक हैं.

**कैच द रेन**

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने "कैच द रेन" अभियान के तहत जल संरक्षण के प्रयास तेज किए हैं। यह काम अमृत 2.0 योजना के तहत हो रहा है। देशभर के 900 से अधिक शहरी निकाय इस अभियान में शामिल हैं। इसके तहत सवा लाख एकड़ से अधिक जल निकायों का पुनर्जीवन किया जा रहा है। भूजल पुनर्भरण के लिए भी बड़े पैमाने पर संरचनाएं बनाई जा रही हैं। मंत्रालय ने कहा कि साढ़े बारह हजार एकड़ में हरित क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

- खण्डवा में कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने हरसूद विधानसभा क्षेत्र में आज विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होकर बहनों से संवाद किया।
- प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का शुभारंभ आज शिवपुरी, मंडला और आगरमालवा जिलों में जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- शहडोल जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक कराया जा सकता है।
- अशोकनगर में आज राजस्व विभाग ने कार्रवाई करते हुए लगभग 02 करोड 20 लाख रूपये की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त की है।
- छिंदवाड़ा की 11 वर्षीय अशिता डेहरिया ने विशाखापट्टनम में आयोजित 37 वीं अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया है।
- झाबुआ जिले में पांच वर्ष तक के बच्चों को गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दस्तक अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त तक पूरे जिले में चलाया जाएगा।
- सीहोर से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-46बी के बुधनी स्थित मिडघाट सेक्शन में आज भीषण सड़क हादसे में 8 साल के बच्चे समेत दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।
- जबलपुर में पिछले चार-पांच दिनों से उमस से बेहाल शहरवासियों को आज शाम करीब चार बजे हुई तेज बारिश से राहत मिली है।